संख्या–1646 / 58–2010–100 / 2009 टी0सी0

प्रेषक,

चन्द्रिका प्रसाद तिवारी ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

उद्यान अनुभाग

लखनऊः दिनांकः 16 जून, 2010

विषयः– राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2010–11 के लिए उद्यान विभाग की परियोजनाओं के लिए धनराशि रू0–660.40 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–48–50 / आर0के0वी0वाई0प्रशा0 स्वी0बजट / 2010–11 / दिनांक 10.6.2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत संचालित उद्यान विभाग की परियोजना "ओनियन प्रोडक्शन विद द इन्ट्रोक्सन आफ इम्प्रूव्ड वैराइटीज" कार्यक्रम हेतु रू0–660.40 लाख (रूपये छः करोड़ साठ लाख चालीस हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति कृषि अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–950 / 12–3–10–100(46) / 2008 दिनांक 26.4.2010 में निहित शर्तो एवं अधोलिखित निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती हैः–

नोडल आफि.
दिष्ठा०
18.6.10

(1) उक्त धनराशि का उपयोग कृषि विभाग उ0प्र0 शासन, नोडल अधिकारी, आर0के0वी0वाई0, कृषि भवन लखनऊ एवं भारत सरकार द्वारा प्रश्नगत योजनान्तर्गत निर्गत आदेशो / निर्देशों के अन्तर्गत किया जायेगा।

(2) उक्त धनराशि का उपयोग राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की संस्तुतियों के अनुरूप ही किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति जिस योजना हेतु की गयी है, उसी योजना में नियमानुसार व्यय की जायेगी, अन्य मद में किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेंगी, जिसके लिए निदेशक / वित्त नियंत्रक, उद्यान एवं संबंधित जनपदीय अधिकारी सीधे उत्तरदायी होगें।

2 / –

(4) धनराशि का व्यय विवरण प्रत्येक माह की 05 तारीख तक कृषि विभाग/उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

भवदीय,

(चन्द्रिका प्रसाद तिवारी)
विशेष सचिव।

संख्या– 1646(1)/58–2010, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2– संबंधित मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
3– प्रमुख सचिव, कृषि विभाग (कृषि अनुभाग–3), उत्तर प्रदेश शासन।
4– कृषि निदेशक/नोडल अधिकारी, आर0के0वी0वाई, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5– मुख्य एवं वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(चन्द्रिका प्रसाद तिवारी)
विशेष सचिव।